O/C

Bihar Medical Services & Infrastructure Corporation Limited
CIN No. : U85100BR2010SGC015886

BMSICL
(A Govt. of Bihar undertaking)

पत्रांकः–BMSIC/80050/02-2015/8445

दिनांकः– 03/02/2022

प्रेषक,
मुख्य महाप्रबंधक (परि०),
बी.एम.एस.आई.सी.एल., पटना।

सेवा में,
मेसर्स सत्यनारायण सिंह,
विलियम्स टाउण्स,
श्री कृष्णापुरी, देवघर/
ईमेल–mssatyanarayansingh@gmail.com

**विषयः–** पूर्णिया जिलान्तर्गत जी.एन.एम. प्रशिक्षण संस्थान एवं छात्रावास भवन का निर्माण कार्य में विलंब के कारण **(डिबार)** करने के संबंध में।

प्रसंगः– इस कार्यालय का पत्रांकः–2252 दिनांकः–26.07.2019 पत्रांकः–2876 दिनांक–26.08.2019, पत्रांकः–3886 दिनांकः–01.10.2019, पत्रांकः–2531 दिनांकः–15.06.2020, पत्रांकः–4458, दिनांकः–02.09.2020, पत्रांकः–7216 दिनांकः–18.12.2020, पत्रांक–2471 दिनांक–07.07.2021, पत्रांक–4532 दिनांक–16.09.2021 एवं पत्रांक–6607 दिनांक–09.12.2021

महाशय,

उपरोक्त विषयक एवं प्रसंगाधीन पत्रों के संबंध में निदेशानुसार सूचित करना है कि विषयांकित कार्य का एकरारनामा दिनांक–08.12.2015 एवं कार्यादेश दिनांक–16.12.2015 को निर्गत है। विदित हो कि विषयांकित परियोजना के अंतर्गत शैक्षणिक भवन का निर्माण कार्य दिनांक–01.03.2017 को प्रारंभ किया गया है, जिसकी कार्य अवधि 18 माह अर्थात् दिनांक–31.08.2018 तक निर्धारित थी। परंतु 59 माह की अवधि समाप्त होने के उपरांत भी शैक्षणिक भवन का कार्य आज तक पूर्ण नहीं हुआ है, न हीं विषयांकित योजना के अंतर्गत छात्रावास भवन का कार्य प्रारंभ किया गया है।

ज्ञात हो कि कार्यहित में विषयांकित कार्य के एकरारनामा को दिनांक–03.03.2022 तक विस्तारित किया गया है, परंतु कार्य अवधि विस्तार प्रदान करने के उपरांत भी विगत 13 माह से छात्रावास भवन का निर्माण कार्य प्रांरभ नहीं किया गया है न हीं शैक्षणिक भवन का शेष निर्माण कार्य को पूर्ण किया गया है।

विदित हो कि उक्त तथ्यों के आलोक में निगम के पत्रांकः–4532 दिनांकः–16.09.2021 एवं पत्रांक–6607 दिनांक–09.12.2021 के माध्यम से उपर्युक्त विलंब के लिये आपसे स्पष्टीकरण की मांग की गयी थी, जिसका जवाब भी अभी तक अप्राप्त है, जो बहुत हीं खेदजनक विषय है।

अतः एकरारनामा की कडिंका 3.3 एवं 4.8 के अनुसार विषयांकित योजना के अंतर्गत दोनों भवनों का निर्माण कार्य को पूर्ण करने तक आपको किसी भी निविदा में भाग लेने से वंचित डिबार (Debar) किया जाता है, साथ ही निर्देश दिया जाता है कि कार्य में प्रगति लाते हुए शेष निर्माण कार्य को अविलंब पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा कार्य पूर्ण नहीं करने पर कार्य का एकरारनामा रदद् कर आपके सुरक्षित जमा राशि को जब्त करते हुए आपके विरूद्ध नियमानुसार अन्य आवश्यक कार्रवाई भी की जाएगी।

विश्वासभाजन

मुख्य महाप्रबंधक (परि०)



4th Floor, Bihar State Building Construction Corporation Limited
Hospital Road, Shastri Nagar, Patna-800 023
Phone/Fax: +91-612 2283287, +91 612 2283288
www.bmsicl.gov.in

ज्ञापांकः— BMSIC/80050/02-2015/ दिनांकः—

प्रतिलिपिः— पर्यवेक्षण परामर्शी, एस.जी.एस., ईंडिया कंन्सलटेन्सी प्रा० लि०, कोलकता/प्रबंधक (परि०), पूर्णिया का सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि संबंधित संवेदक से संपर्क स्थापित कर विषायांकित योजना का निर्माण कार्य अविलंब प्रारंभ करना सुनिश्चित करें।

मुख्य महाप्रबंधक (परि०),

ज्ञापांकः— BMSIC/80050/02-2015/ दिनांकः—

प्रतिलिपिः— अधीक्षक, राजकीय चिकित्सा महाविद्याल एवं अस्पताल, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

मुख्य महाप्रबंधक (परि०)

ज्ञापांकः— BMSIC/80050/02-2015/ दिनांकः—

प्रतिलिपिः— जिलाधिकारी, पूर्णिया को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

मुख्य महाप्रबंधक (परि०)

ज्ञापांकः— BMSIC/80050/02-2015/ दिनांकः—

प्रतिलिपिः— अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना/सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/अपर मुख्य सचिव पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, नगर विकास विभाग, बिहार, पटना/सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/ प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, शैक्षणिक आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना/ प्रबंध निदेशक, आधारभूत सरंचना विकास प्राधिकार, प्रथम तल उद्योग भवन, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार शहरी आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पर्यटन विकास निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य आवास बोर्ड, पटना एवं सभी कार्य विभाग को सूचनार्थ समर्पित।

मुख्य महाप्रबंधक (परि०)

ज्ञापांकः— BMSIC/80050/02-2015/ दिनांकः—:—

प्रतिलिपिः— प्रबंध निदेशक, BMSICL, पटना के आशुलिपिक को प्रबंध निदेशक महोदय के सूचनार्थ समर्पित।

मुख्य महाप्रबंधक (परि०)

ज्ञापांकः— BMSIC/80050/02-2015/ दिनांकः—

प्रतिलिपिः— श्री मोहित कुमार, प्रबंधक (सिस्टम), BMSICL, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेशानुसार अनुरोध है कि उपरोक्त के आलोक में पत्र को BMSICL के वेबसाईट पर संवेदक के डिबार लिस्ट में प्रकाशित किया जाए।

मुख्य महाप्रबंधक (परि०)